Size: 25 w x 38 h

# भारतीय स्टेट बैंक

केंद्रीय भर्ती एवं पदोन्नति विभाग

कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई

(फोन: 022-2282 0427; फैक्स: 022-2282 0411; ई-मेल: crpd@sbi.co.in)

**विज्ञापन संख्या : सीआरपीडी/एससीओ/2016-17/06**

# भारतीय स्टेट बैंक में विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारियों की भर्ती (संविदात्मक नियुक्ति)

| | |
|---|---|
| 1. | ऑनलाइन आवेदन पंजीकरण शुरू होने की तिथि : 02.08.2016 |
| 2. | आवेदन का ऑनलाइन पंजीकरण और शुल्क भुगतान करने की अंतिम तिथि: 16.08.2016 |
| 3. | एसबीआई, सीआरपीडी, कॉरपोरेट केन्द्र, मुंबई में ऑनलाइन आवेदन का प्रिन्ट आउट और साथ में उसके अनुलग्नक प्राप्त करने की अंतिम तिथि: 24.08.2016 |

भारतीय स्टेट बैंक संविदात्मक आधार पर बैंक में निम्नलिखित विशेषज्ञ संवर्ग के अधिकारी पदों पर नियुक्ति करने हेतु भारतीय नागरिकों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है.

उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** के **'कॅरिअर'** खंड में दिए गए लिंक के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन करें.

| कृपया नोट करें कि | |
|---|---|
| 1. | उम्मीदवार इस परियोजना के अंतर्गत मात्र एक ही पद के लिए आवेदन कर सकता है. |
| 2. | आवेदन के पंजीयन की प्रक्रिया तभी पूरी होगी जब शुल्क का भुगतान किए जाने की अंतिम तिथि को या उससे पहले ऑनलाइन से बैंक में शुल्क जमा करवा दिया जाता है. |
| 3. | आवेदन करने से पहले उम्मीदवारों से अनुरोध है कि वे यह सुनिश्चित कर लें कि वे पात्रता की तिथि को पद हेतु पात्रता मानदंडों पर खरे उतरते हों. शॉर्टलिस्टिंग और साक्षात्कार के लिए बुलावा पत्र पूरी तरह से अनंतिम होंगे. उम्मीदवार की उम्मीदवारिता साक्षात्कार हेतु उसे बुलाए जाने और साक्षात्कार हेतु उसके द्वारा रिपोर्ट करने के समय विवरणों/दस्तावेजों के सत्यापन के अध्यधीन रहेगी. |
| 4. | उम्मीदवारों को सलाह दी जाती है कि वे बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** के 'करियर' लिंक में उपलब्ध अद्यतन जानकारी देखें. |

**विभिन्न पदों के संबंध में रिक्त-पद और अन्य जानकारियां निम्नानुसार हैं :**

| क्रम संख्या | पद और पद का कोड | रिक्त-पद | | 31.3.2016 को आयु | | 01.06.2016 को शैक्षणिक योग्यता | 01.06.2016 को संबद्ध अनुभव |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | सामान्य | कुल | न्यूनतम | अधिकतम | | |
| 1. | वरिष्ठ वाइस प्रेज़िडेन्ट (वरिष्ठ उपाध्यक्ष) (मारकॉम, मीडिया एवं रिसर्च | 1 | 1 | 21 | 40 वर्ष | किसी भी संकाय में स्नातक. उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जिनके पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मार्केटिंग में एमबीए की डिग्री होगी. | एफएमसीजी, बीएफएसआई, टेलीकॉम या अन्य किसी बड़े सर्विस सेक्टर में 'करिअर' अनुभव के साथ न्यूनतम 10 वर्ष का अनुभव. |
| 2. | सहायक वाइस प्रेज़िडेन्ट (सहायक उपाध्यक्ष) (मारकॉम) | 1 | 1 | 21 | 32 वर्ष | किसी भी संकाय में स्नातक. उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जिनके पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मार्केटिंग में एमबीए की डिग्री होगी. | बीएफएसआई/टेलीकॉम या किसी अन्य बड़े सर्विस सेक्टर में 'करिअर' अनुभव के साथ न्यूनतम 7 वर्ष का अनुभव. |
| 3. | सहायक वाइस प्रेज़िडेन्ट (सहायक उपाध्यक्ष) (कॉरपोरेट कम्यूनिकेशन/पीआर) | 1 | 1 | 21 | 32 वर्ष | किसी भी संकाय में स्नातक. उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जिनके पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मार्केटिंग में एमबीए की डिग्री होगी. | किसी बड़े भारतीय या एमएनसी कारपोरेट में 7 वर्ष का संबद्ध अनुभव. कन्टेन्ट राइटिंग और प्रबंधन में कुशलता. |
| 4. | वरिष्ठ प्रबंधक (डिजिटल मार्केटिंग) | 1 | 1 | 21 | 32 वर्ष | किसी भी संकाय में स्नातक और मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मार्केटिंग में एमबीए की डिग्री होगी. | सर्विस इन्डस्ट्री में कम से कम 5 वर्ष का अनुभव और साथ में डेवलपिंग, इम्पलीमेंटेशन ट्रैकिंग और ओप्टीमाइज़िंग डिजिटल मार्केटिंग में व्यापक अनुभव. |
| 5. | वरिष्ठ प्रबंधक(मार्केटिंग) | 1 | 1 | 21 | 32 वर्ष | किसी भी संकाय में स्नातक. उन उम्मीदवारों को वरीयता दी जाएगी जिनके पास मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय/संस्थान से मार्केटिंग में एमबीए की डिग्री होगी. | किसी भी इन्डस्ट्री में विपणन/संबद्ध क्षेत्र में कम से कम 3 वर्ष का अनुभव. |

**नोट:**

1. ऊपर लिखी रिक्त-पदों की संख्या अनंतिम है और ये बैंक की वास्तविक आवश्यकता के अनुसार भिन्न हो सकती हैं.
2. किसी पद विशेष के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों पर बैंक अपने विवेकाधिकार से विज्ञापन में लिखे किसी अन्य पद के लिए विचार कर सकता है.

**क. मुख्य कौशल:**

**मुख्य उत्तरदायित्व क्षेत्र:**

**पद 1) वरिष्ठ वाइस प्रेजिडेंट (मारकॉम)**

विभिन्न व्यवसाय इकाइयों के लिए उनके व्यवसाय उद्देश्यों के अनुरूप कार्यनीतियां तैयार करना और प्रभावी मार्केटिंग योजनाएं कार्यान्वित करना.

आकर्षण बाजार/उपभोक्ता अन्तर्दृष्टियों पर आधारित प्रभावी विपणन जानकारी तैयार करना.

विभिन्न एजेंसी पार्टनरों (क्रिएटिव, मीडिया, अनुसंधान आदि) और अन्य वेन्डरों का दक्षता से प्रबंध करना जिससे कि परिभाषित विपणन बजट और समय-सीमा में उनसे उच्च गुणवत्तावाले परिणाम प्राप्त किए जा सकें.

मीडिया प्लानिंग और मार्केटिंग इन्वेस्टमेंट के अन्य क्षेत्रों में लागत कार्य-क्षमता के आधार पर मूल्य निर्धारित करना.

विभिन्न व्यवसाय इकाइयों के लिए मार्केटिंग उद्देश्यों की प्राप्ति हेतु व्यापक डिजिटल मार्केटिंग कार्यनितियां तैयार करना.

टीम सदस्यों की कार्य-क्षमता का कुशलता से प्रबंध करना और संबंधित क्षेत्रों में उनकी कार्य-क्षमता में वृद्धि करने के लिए उनकी मदत करना.

हर समय पूर्ण नियंत्रण के साथ बैंक के मार्केटिंग बजट के लिए सावधानीपूर्वक योजना बनाना.

मुख्य विपणन अधिकारी द्वारा सौंपे गए अन्य दूसरे कार्य.

**पद 2) सहायक वाइस प्रेजिडेंट (मारकॉम)**

विभिन्न व्यवसाय इकाइयों के लिए उनके व्यवसाय उद्देश्यों के अनुरूप प्रभावी मार्केटिंग योजनाएं कार्यान्वित करने में व्यवसाय/समूह प्रमुख/वरिष्ठ वाइस प्रेजिडेंट को सहयोग करना.

सभी अपेक्षित आंकडों के साथ बाजार संबंधी जानकारी तैयार करने में व्यवसाय इकाइयों के साथ समन्वय करना.

एजेंसी पार्टनरों (क्रिएटिव और अनुसंधान आदि) और अन्य संबंधित वेन्डरों के साथ सुचारू प्रबंध करना ताकि उनसे परिभाषित विपणन बजट और समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के परिणाम प्राप्त किए जा सकें.

नियंत्रकों द्वारा सौंपे गए अन्य दूसरे कार्य.

**पद 3) सहायक वाइस प्रेजिडेंट (कारपोरेट संप्रेषण/जनसंपर्क)**

कार्यक्षम वार्षिक कारपोरेट संप्रेषण योजना को तैयार करने और कार्यान्वित करने में व्यवसाय समूह प्रमुख को सहयोग करना जिससे कि बैंक और इसकी विभिन्न व्यवसाय सेवाएं एवं उत्पादों के लिए पर्याप्त/वांछित प्रेस कवरेज प्राप्त किया जा सके.

बैंक के लिए अवसरों का निर्धारण करने के लिए विभिन्न प्रभागों के साथ समन्वय करना जिससे कि ऑफलाइन और ऑनलाइन मीडिया में पी आर के माध्यम से निःशुल्क प्रचार-प्रसार हो सके.

पीआर एजेन्सी और संबंधित वेन्डरों का सुचारू प्रबंध करना ताकि तय किए गए विपणन बजट और समय सीमाओं में उच्च गुणवत्ता वाले परिणाम प्राप्त किए जा सकें.

नियंत्रकों द्वारा सौंपे गए अन्य दूसरे कार्य.

**पद 4) वरिष्ठ प्रबंधक (डिजिटल मार्केटिंग)**

बैंक के विभिन्न उत्पादों और सेवाओं के लिए व्यवसाय उद्देश्यों के अनुरूप डिजिटल मार्केटिंग अभियानों को तैयार करने और कार्यान्वित करने में एवीपी (मेनस्ट्रीम, डिजिटल और स्पोन्सरशिप) की सहायता करना.

एजेन्सी पार्टनरों (क्रिएटिव, डिजिटल आदि) तथा अन्य संबंधित वेन्डरों का सुचारू प्रबंध करना जिससे कि समन्वय ढंग से तय किए गए बजट तथा समय सीमा में उच्च गुणवत्ता के परिणाम प्राप्त किए जा सकें.

नियंत्रकों द्वारा सौंपे गए अन्य दूसरे कार्य.

**पद 5) वरिष्ठ प्रबंधक (विपणन)**

बैंक के उत्पादों और सेवाओं का संवर्धन करने के लिए ब्राण्ड कैम्पेनों और मीडिया गतिविधियों की डिज़ाइन तैयार करने और उन्हें कार्यान्वित करने में एवीपी को सहयोग करना.

कैम्पेन प्रबंधन गतिविधि और संबंधित वेन्डरों से जुड़े सभी परिचालनों का दक्षतापूर्वक प्रबंध करना जिससे कि समन्वयकारी रीति से तय बजट और समय सीमा में गुणवत्ता वाले परिणाम प्राप्त किए जा सकें.

नियंत्रकों द्वारा सौंपे गए अन्य दूसरे कार्य.

**परिलब्धियाँ:**

**पद 1 से 5 तक के लिए:** परिलब्धियाँ के पैकेज में स्थायी एवं परिवर्तनशील घटक होंगे किंतु उपयुक्त उम्मीदवार हेतु इनकी कोई सीमा नहीं होगी.

*(अगले पृष्ठ पर जारी...)*

(...पिछले पृष्ठ से जारी)

**संविदा की अवधि:** 3 वर्ष और बैंक के विवेकाधिकार से इसे आगे बढ़ाया जा सकता है.

**ख. चयन प्रक्रिया:**

चयन का आधार शॉर्ट लिस्टिंग और व्यक्तिगत साक्षात्कार होगा.

**साक्षात्कार:** उम्मीदवारों की शिक्षा, अनुभव और साक्षात्कार हेतु उनकी समग्र उपयुक्तता के आधार पर पर्याप्त संख्या में बैंक शॉर्टलिस्ट करने का निर्णय करेगा. साक्षात्कार में अर्हक अंक बैंक द्वारा तय किए जाएंगे.

**मेरिट लिस्ट:** चयन के लिए इसे अवरोही क्रम में बनाया जाएगा जिसका आधार मात्र साक्षात्कार में प्राप्त अंक होंगे. यदि एक से अधिक उम्मीदवार के कट ऑफ अंक (कट ऑफ प्वाइन्ट पर एक से अंक) आते हैं, तो उम्मीदवार का चयन पदभार संभालने के लिए उसकी उपलब्धता और वेतन में कमी या अधिकता के आधार पर किया जाएगा.

**ग. आवेदन कैसे करें:**

उम्मीदवार के पास अपना वैध ई–मेल आईडी होना चाहिए. जो अंतिम परिणाम आने तक सक्रिय रखा जाना चाहिए। उसके जरिए बुलावा पत्र/साक्षात्कार के लिए सूचना आदि ई–मेल से प्राप्त करने में सहायता होगी।

**क) ऑनलाइन आवेदन भरने के लिए निर्देश:**

i) उम्मीदवार से अपेक्षा की जाती है कि वे अपना पंजीकरण ऑनलाइन बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com/careers** या **www.sbi.co.in** के माध्यम से करें और डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इन्टरनेट बैंकिंग आदि का प्रयोग कर आवेदन शुल्क का भुगतान करें.

ii) उम्मीदवार पहले तो अपनी नवीनतम फोटो को स्कैन कर इस पर हस्ताक्षर करें. ऑनलाइन आवेदन तब तक पंजीकृत नहीं होगा जब तक कि उम्मीदवार अपनी फोटो अपलोड न करें और बताए गए तरीके से हस्ताक्षर न करे.

iii) उम्मीदवारों को बैंक की वेबसाइट **www.statebankofindia.com** या **www.sbi.co.in** पर जाना होगा और 'करिअर' लिंक में उपलब्ध समुचित ऑनलाइन आवेदन प्रारूप खोलना होगा.

iv) आवेदन को सावधानीपूर्वक भरें. आवेदन पूरी तरह से भरे जाने के बाद, उम्मीदवार को चाहिए कि वह डाटा प्रस्तुत करें. उम्मीदवार यदि एक बार में डाटा नहीं भर पाता है, तो वह पहले प्रविष्ट किए गए डाटा को सेव कर सकता है. डाटा सेव हो जाने पर एक अनंतिम पंजीकरण नंबर और पासवर्ड सिस्टम द्वारा बना दिया जाएगा और इसे स्क्रीन पर दर्शाया गया होगा. **उम्मीदवार को चाहिए कि वह इस पंजीकरण नंबर और पासवर्ड को अपने पास लिख कर रखे.** आवश्यकता होने पर वे पंजीकरण नंबर और पासवर्ड का प्रयोग कर सेव किए गए डाटा को फिर से खोल सकते हैं और इनमें संशोधन कर सकते हैं. यह सुविधा मात्र तीन बार के लिए ही उपलब्ध होगी. आवेदन पूरी तरह से भरे जाने के बाद उम्मीदवार को चाहिए कि वह डाटा प्रस्तुत करें और ऑनलाइन से शुल्क का भुगतान करें.

**ख) शुल्क का भुगतान:**

i) आवेदन शुल्क और सूचना शुल्क (अप्रतिदेय) 600/– रुपए.

ii) शुल्क का भुगतान वहाँ उपलब्ध पेमेंट गेटवे के माध्यम से ऑनलाइन ही करना होगा.

iii) आवेदन–पत्र में भरे विवरण सही है, यह सुनिश्चित करने के बाद उम्मीदवार को स्क्रीन पर उपलब्ध निर्देशों के अनुसार आवेदन पत्र के साथ समन्वित पेमेंट गेटवे के माध्यम से शुल्क का भुगतान करना होगा. इसके पश्चात कोई बदलाव/संशोधन स्वीकार नहीं होगा.

iv) स्क्रीन पर मांगी जा रही जानकारी देते हुए डेबिट कार्ड/क्रेडिट कार्ड/इंटरनेट बैंकिंग के माध्यम से भुगतान किया जा सकता है। ऑनलाइन लेनदेन व्यय, अगर कोई है, तो उम्मीदवार द्वारा वहन किया जाएगा.

v) सफलतापूर्वक भुगतान पूर्ण होने पर, ई–रसीद एवं आवेदन पत्र तैयार होगा, जिसका प्रिंटआउट आवेदन अपने रिकार्ड हेतु ले लें.

vi) यदि ऑन लाइन लेनदेन सफलतापूर्वक पूर्ण नहीं होता है, तो कृपया पुन: ऑनलाइन पंजीकरण करें और अपना आवेदन विवरण पुन: भरकर ऑनलाइन भुगतान करें.

vii) ई–रसीद एवं आवेदन पत्र शुल्क विवरण सहित पुनः प्रिन्ट करने की सुविधा बाद में उपलब्ध होगी.

**ग) इनकी फोटो प्रतियों सहित आवेदन की प्रतियां (पंजीकृत ऑनलाइन) 1. आईडी प्रूफ 2. जन्म तिथि का प्रमाण 3. संक्षिप्त जीवन वृत्त, 4. शैक्षणिक योग्यताएं : अंक तालिकाएं/डिग्री प्रमाण पत्र 4. अनुभव प्रमाण पत्र 5. शुल्क के भुगतान के लिए ई–रसीद केन्द्रीय भर्ती और पदोन्नति विभाग, कॉरपोरेट केन्द्र, तीसरी मंज़िल, अटलान्टा बिल्डिंग, नरीमन पॉइंट, मुंबई–400 021 को *******तक डाक से भेजें. उक्त तिथि तक ऑनलाइन आवेदन के साथ अपेक्षित दस्तावेजों की फोटो प्रतियां प्राप्त नहीं होने पर, शार्टलिस्टिंग या साक्षात्कार हेतु उसकी उम्मीदवारिता पर विचार नहीं किया जाएगा. जिस लिफाफे में दस्तावेज हों उस पर आवेदन किए गए पद का नाम लिखा होना चाहिए.**

**घ) सामान्य जानकारी:**

i) आवेदित पद हेतु अपनी पात्रता के बारे में उम्मीदवार स्वयं संतुष्ट होने चाहिए.

ii) जो उम्मीदवार सरकारी/अर्ध–सरकारी सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों में कार्यरत है, जिसमें राष्ट्रीयकृत बैंक और वित्तीय संस्थाएं भी शामिल हैं, उन्हें अपने नियोक्ता से ''अनापत्ति प्रमाणपत्र'' प्राप्त कर साक्षात्कार के समय प्रस्तुत करना होगा, ऐसा न करने पर उसकी उम्मीदवारिता पर विचार नहीं होगा और उम्मीदवार को यात्रा भत्ता यदि अन्यथा स्वीकार्य हों, नहीं दिया जाएगा.

iii) चयन होने पर, उम्मीदवारों को नियुक्ति के समय नियोक्ता से 'कार्यमुक्त प्रमाणपत्र' प्राप्त करके प्रस्तुत करना आवश्यक होगा.

iv) उम्मीदवारों को उनके हित में सलाह दी जाती है कि वे शुल्क जमा कराने के लिए अंतिम तिथि की प्रतीक्षा किये बगैर ऑनलाइन आवेदन करें ताकि इंटरनेट पर अत्यधिक लोड या वेबसाइट जैम के कारण वेबसाइट को लॉग ऑन में नाकामी/ अक्षमता/ डिसकनेक्शन की आशंका से बचा जा सके.

v) उपरोक्त कारणों से या एसबीआई के नियंत्रण से परे अन्य कोई कारण से अंतिम तिथि से पहले उम्मीदवार द्वारा अपना आवेदन न जमा करा पाने के लिए एसबीआई उत्तरदायी नहीं होगा.

vi) **भर्ती प्रक्रिया के किसी भी चरण में यदि पाया गया कि, उम्मीदवार पात्रता के योग्य नहीं है/ अथवा उसने गलत/झूठी जानकारी दी है या तथ्यों को छुपाया है, तो ऐसे उम्मीदवार की पात्रता रद्द कर दी जायेगी। यदि इस तरह की गड़बड़ियां नियुक्ति उपरांत भी जानकारी में आती है, तो उस उम्मीदवार की सेवाएं समाप्त कर दी जाएगी.**

vii) उम्मीदवार अपना ई–मेल आईडी चालू रखें ताकि उन्हें सूचनाएं जैसे कि कॉल लेटर/साक्षात्कार सूचना आदि मिल सके.

viii) **पात्रता, लिखित परीक्षा लेने, अन्य परीक्षाएं, चयन बैंक का निर्णय अंतिम और सभी उम्मीदवारों पर बाध्यकारी होगा। बैंक द्वारा इस संबंध में किसी तरह के आवेदन या पत्राचार पर विचार नहीं किया जाएगा.**

ix) जिन उम्मीदवार को साक्षात्कार के लिए बुलाया जाएगा उन्हें वातानुकूलित 3 (मेल/एक्सप्रेस) या वास्तविक किराए का भुगतान किया जाएगा. यात्रा के अन्य तरीके अपनाने पर भारत का वह लघुतम मार्ग हो. स्थानीय यात्रा व्ययों का भुगतान नहीं किया जाएगा.

x) चयनित उम्मीदवार की नियुक्ति उन्हें बैंक की अपेक्षा अनुसार चिकित्सीय रूप से उपयुक्त घोषित किए जाने पर होगी. यह नियुक्ति बैंक की सेवा ग्रहण करने के समय बैंक में इस पद हेतु लागू सेवा एवं आचार नियमों के अध्यधीन रहेगी.

xi) इस विज्ञापन तथा उसके प्रत्यूत्तर में आवेदन से उत्पन्न किसी दावे या विवाद हेतु कानूनी कार्रवाई मुंबई में ही शुरू की जा सकेगी और केवल मुंबई स्थित न्यायालय/ट्रिब्यूनल/फोरम को ही ऐसे किसी मुद्दे/विवाद को निपटाने का एकल और एकमात्र अधिकार होगा।

**मुंबई – 400 021**
**दिनांक : 02.08.2016**

**महाप्रबंधक**